आज दिनांक 23.11.2022 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार, पटना के कार्यालय आदेश संख्या–03 दिनांक–01.10.2019 के द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार के कार्यालय आदेश संख्या–39 सह पठित ज्ञापांक–974(ई0) दिनांक–26.07.2019 के द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों के अधीन पेड़ों के पुर्नस्थापन/पातन हेतु प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित वृक्ष सुरक्षा योजना पर विचारोपरान्त निर्णय लेने हेतु गठित क्षेत्रीय सक्षम समिति की भागलपुर में अध्यक्ष–सह–क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, भागलपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक की कार्यवाही :–

भागलपुर, कटिहार, पूर्णियाँ, अररिया एवं किशनगंज जिलान्तर्गत नुमालीगढ़ रिफाईनरी लि0 द्वारा पारादीप–नुमालीगढ़ Crude oil अन्डर ग्राउण्ड पाईप लाईन बिछाने के कार्य का प्रस्ताव

---

उपस्थिति :–

1. क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, भागलपुर
2. वन संरक्षक, भागलपुर अंचल, भागलपुर
3. वन प्रमंडल पदाधिकारी, भागलपुर वन प्रमंडल, भागलपुर

सर्वप्रथम क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, भागलपुर–सह–अध्यक्ष द्वारा गठित समिति के समक्ष इस संबंध में प्राप्त निदेशों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।

वन प्रमंडल पदाधिकारी, भागलपुर–सह–सदस्य सचिव द्वारा क्षेत्रीय सक्षम समिति के समक्ष बताया गया कि भागलपुर, कटिहार, पूर्णियाँ, अररिया एवं किशनगंज जिलान्तर्गत नुमालीगढ़ रिफाईनरी लि0 द्वारा पारादीप–नुमालीगढ़ Crude oil अन्डर ग्राउण्ड पाईप लाईन बिछाने के कार्य का प्रस्ताव है। यह अधिसूचित वनभूमि से संबंधित प्रस्ताव है। इसमें वन संरक्षण अधिनियम, 1980 अंतर्गत वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, भारत सरकार की पूर्व अनुमति आवश्यक होगी। इसमें प्रभावित होने वाले वृक्षों की कुल संख्या 18 (अठारह) वृक्ष हैं। वृक्ष सुरक्षा योजना में प्रस्तावित है कि 60 से0मी0 से उपर गोलाई के वृक्षों का पातन किया जाना है और 0–60 से0मी0 गोलाई तक के वृक्षों का पुर्नस्थापन किया जाना है। इसके अनुसार पातित होने वाले वृक्षों की संख्या 6 (छ:) है तथा पुर्नस्थापित होने वाले वृक्षों की संख्या 12 (बारह) है। उक्त सभी वृक्षों की संयुक्त गणना वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, भागलपुर एवं प्रोजेक्ट अभियंता श्री आर0पी0 सिंह के द्वारा की गयी है। उक्त जाँच के आलोक में वन प्रमंडल पदाधिकारी के द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया है एवं वन प्रमंडलीय पत्रांक 1681 दिनांक–23.11.2022 से वृक्ष सुरक्षा योजना समर्पित किया है।

क्षेत्रीय सक्षम समिति के द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त संलग्न वृक्ष सुरक्षा योजना पर सहमति दी जाती है। समिति की बैठक की कार्यवाही से अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–नोडल पदाधिकारी (वन

संरक्षण), बिहार, पटना को अवगत कराने हेतु सदस्य सचिव–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, भागलपुर वन प्रमंडल को अधिकृत किया गया।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई ।

| | | |
|---|---|---|
| 23/11/22 | 23/11/22 | 23/11/22 |
| सदस्य सचिव –सह–<br>वन प्रमंडल पदाधिकारी,<br>भागलपुर वन प्रमंडल, भागलपुर। | सदस्य–सह–<br>वन संरक्षक,<br>भागलपुर अंचल, भागलपुर। | अध्यक्ष–सह–<br>क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,<br>भागलपुर। |

CERTIFIED UNDER
ISO 9001:2000
ISO 14001:1996
OHSAS 18001:1999

**NUMALIGARH REFINERY LIMITED**
A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING

NRL

CIN :U11202AS1993GOI003893

दिनांक-22-11-2022

क्रमांक -NRL/PNCPL/FCA-Bhagalpur

सेवा में,

वन प्रमंडल पदाधिकारी
भागलपुर वन प्रमंडल
भागलपुर

विषय:- भागलपुर कटिहार पूर्णिया अररिया एवं किशनगंज जिला अन्तर्गत नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड द्वारा पारादीप-नुमालीगढ़ Crude Oil भूमिगत पाइपलाइन बिछाने हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 अन्तर्गत 0.425 है० वन भुमि उपयोजन का प्रस्ताव ।

संदर्भ:- पत्रांक-1664 दिनांक 22/11/2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि पातन/प्रतिस्थापन वृक्षो की सूचि इस प्रकार है।

| पातन होने वाले वृक्ष | प्रतिस्थापन होने वाले वृक्ष |
|---|---|
| गोल्डमोहर-70 सेंटीमीटर | छतवन-37 सेंटीमीटर |
| छतवन-60 सेंटीमीटर | मोहगनी-30 सेंटीमीटर |
| मोहगनी-62 सेंटीमीटर | मोहगनी- 37 सेंटीमीटर |
| छतवन- 62 सेंटीमीटर | छतवन- 55 सेंटीमीटर |
| छतवन-70 सेंटीमीटर | छतवन- 45 सेंटीमीटर |
| छतवन-68 सेंटीमीटर | छतवन- 45 सेंटीमीटर |
| | कदम-37 सेंटीमीटर |
| | सेमल-30 सेंटीमीटर |
| | मोहगनी- 37 सेंटीमीटर |
| | मोहगनी-30 सेंटीमीटर |
| | मोहगनी-30 सेंटीमीटर |
| | छतवन- 30 सेंटीमीटर |
| कुल – 6 | कुल -12 |

To FCA
23/11/22

अतः श्रीमान से अनुरोध है कि उक्त Report का अग्रतर करवाई हेतु प्रेषित है।

विश्वासभाजन

Indrajit Kaman
Chief Manager (Project - Pipeline)
Numaligarh Refinery Ltd.
122A, G. S. Road, Christianbasti
Guwahati-781005

इन्द्रजीत कामन
मुख्य प्रबंधक (परियोजना- पाइपलाइन)
नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड

नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड द्वारा भागलपुर जिले के भागलपुर वन क्षेत्र के अन्तर्गत कच्चा तेल की पाइपलाइन कार्य हेतु विभिन्न बिन्दुओं को संरक्षित वन अन्तर्गत क्षेत्र में निर्धारित स्थल में उपस्थित वृक्षों की पातन/प्रतिस्थापन सूची।

| क्र० सं० | गाँव का नाम | प्रखण्ड | जिला | स्थल का नाम | प्रजाति | गोलाई (CM.) | पातन/प्रतिस्थापन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मजरोही-120 | पीरपैंती | भागलपुर | NH-33 | गुलमोहर | 70 | पातन |
| | | | | | छतवन | 37 | प्रतिस्थापन |
| | | | | | छतवन | 60 | पातन |
| | | | | | मोहगनी | 30 | प्रतिस्थापन |
| | | | | | मोहगनी | 62 | पातन |
| | | | | | छतवन | 62 | पातन |
| | | | | | मोहगनी | 37 | प्रतिस्थापन |
| | | | | | छतवन | 55 | प्रतिस्थापन |
| | | | | | छतवन | 45 | प्रतिस्थापन |
| | | | | | छतवन | 45 | प्रतिस्थापन |
| | | | | | कदम | 37 | प्रतिस्थापन |
| | | | | | सेमल | 30 | प्रतिस्थापन |
| | | | | | मोहगनी | 37 | प्रतिस्थापन |
| | | | | | मोहगनी | 30 | प्रतिस्थापन |
| | | | | | छतवन | 70 | पातन |
| | | | | | मोहगनी | 30 | प्रतिस्थापन |
| | | | | | छतवन | 68 | पातन |
| | | | | | छतवन | 30 | प्रतिस्थापन |
| | | | | कुल पातन- | 6 | | |
| | | | | कुल प्रतिस्थापन- | 12 | | |
| | | | | कुल योग- | 18 | | |

Indrajit Kaman
Chief Manager (Project-Pipeline)
Numaligarh Refinery Ltd
122A, G.S. Road, Christianbasti
Guwahati-781005
मुख्य प्रबंधक (परियोजना-पाइपलाइन)
नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड

Consultant
Assistant Engineer

वनों के क्षेत्र पदाधिकारी
कहलगाव (भागलपुर)

Arborist